Name ................................Roll No........................................ **KPS**

# वार्षिक परीक्षा-2023

समय-3.00 घण्टे **कक्षा-XI** पूर्णांक-100

## विषय-शिक्षाशास्त्र

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य है।

*बहुविकल्पीय प्रश्न*

1. प्रत्येक प्रश्न खण्ड में उत्तर के चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक उत्तर सही है। सही उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

(क) "ज्ञान की प्रथम सीढ़ी" कौन-सी है - 1

(अ) संवेदना (ब)शारीरिक विकास(स)भाषागत विकास (द) ये सभी

(ख) एजूकेशन शब्द की उत्पत्ति किस भाषा के शब्द से हुई है - 1

(अ) हिन्दी (ब) अंग्रेजी (स) फ्रेंच (द) लैटिन

(ग) किस शिक्षण विधि में बालक प्रयोगशालाओं में कार्य करते हैं।1

(अ) माण्टेसरी (ब) बेसिक (स) डाल्टन (द) किण्डर गार्टन

(घ) मनोविश्लेषण विधि के प्रतिपादक हैं - 1

(अ) स्किनर (ब) फ्रायड (स) क्रो एवं क्रो (द) गैट्स

(ङ) फ्रोबेल ने पौधे की तुलना किससे की है - 1

(अ) गाय (ब) डाक्टर (स) जंगल (द) बालक

<u>निश्चित उत्तरीय प्रश्न</u>

2. बालक की प्रथम पाठशाला कौन-सी है? 1
3. मनुष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता और सबसे बड़ा रक्षक चरित्र है, शिक्षा नहीं। यह कथन किस विद्वान का है? 1
4. माण्टेसरी प्रणाली में विद्यालय को क्या कहा जाता है? 1
5. विकलांग बालकों की शिक्षा का प्रबंध किसके द्वारा किया गया? 1
6. व्यक्तिगत भेदों के दो प्रमुख कारण लिखिए। 1

<u>अतिलघु उत्तरीय प्रश्न</u>

7. किशोरावस्था को तनाव, तूफान और संघर्ष का काल क्यों कहा जाता है? 4
8. स्पष्ट कीजिए कि विकास की प्रक्रिया जीवन भर चलती रहती है? 4
9. शिक्षा तथा साक्षरता में अंतर को स्पष्ट कीजिए। 4

**P.T.O.**

10. गृह-शिक्षा की मुख्य विधियाँ कौन-कौन सी है? 4

11. विशिष्ट शिक्षा क्या है? 4

12. वर्तमान में व्यावसायिक शिक्षा की क्या आवश्यकता है? 4

## लघु उत्तरीय प्रश्न

13. किलपैट्रिक के अनुसार प्रोजेक्ट के मुख्य प्रकारों का उल्लेख कीजिए। 6

14. बालक के मानसिक विकास के लिए अध्यापक की क्या भूमिका है? 6

15. बालक के सामाजिक विकास को प्रभावित करने वाले चार मुख्य कारकों का उल्लेख कीजिए। 6

16. बेसिक शिक्षा को बुनियादी शिक्षा क्यों कहा गया है? 6

17. जन-संचार माध्यमों की क्या उपयोगिता है? 6

18. शिक्षा के उद्देश्य निर्धारण की आवश्यकता क्यों है? स्पष्ट कीजिए। 6

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

19. सामाजिक एवं राष्ट्रीय जीवन में शिक्षा के कार्यों का उल्लेख कीजिए। 10

अथवा

विकास को प्रभावित करने वाले कारकों पर प्रकाश डालिए।

20. "शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य चरित्र का निर्माण है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। 10

अथवा

शिक्षा के एक अभिकरण के रूपये समुदाय के शैक्षिक कार्यों की विवेचना कीजिए।

21. बालकों में पायी जाने वाली व्यक्तिगत भिन्नता को ध्यान में रखते हुए अध्यापक को शिक्षण कार्य में किन-किन व्यवस्थाओं को लागू करना चाहिए? 10

अथवा

भारत के वर्तमान संदर्भ में शिक्षा के विभिन्न उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

❖❖❖